CRICUT EasyPress Mini™ एक (1) साल की सीमित वारंटी

यह सीमित वारंटी आपके और Cricut, Inc., d/b/a CRICUT ® के बीच है।

आपकी Cricut EasyPress Mini™ मशीन (प्रोडक्ट) पर इसकी रीटेल खरीदारी की मूल तारीख से एक (1) साल की अवधि ("वारंटी की अवधि") के लिए सामग्री और कारीगरी की कमियों के लिए गारंटी दी जाती है। अगर वारंटी अवधि के दौरान कोई खराबी सामने आती है, तो Cricut, अपनी ओर से, (1) नए पुर्ज़ों या नए पुर्ज़ों की तरह काम करने वाले पुर्ज़ों का इस्तेमाल करके मुफ़्त में प्रोडक्ट की मरम्मत करेगा, (2) खराब प्रोडक्ट के बदले नया या नए प्रोडक्ट की तरह काम करने वाला दूसरा प्रोडक्ट देगा, या (3) जिस कीमत पर प्रोडक्ट खरीदा गया था वह कीमत वापस करेगा। इस वारंटी में गलत इस्तेमाल, दुर्घटना, दुरुपयोग, भौतिक और/या सॉफ़्टवेयर के मोडिफ़िकेशन या सामग्री और कारीगरी की कमियों से संबंधित कमियों को छोड़कर अन्य वजहों से होने वाले नुकसान शामिल नहीं हैं। उत्पाद को 104 डिग्री फ़ारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) से ज़्यादा तापमान में न तो ऑपरेट करें और न ही 122 डिग्री फ़ारेनहाइट (50 डिग्री सेल्सियस) से ज़्यादा तापमान में स्टोर करें। बताए गए तापमान से ज़्यादा तापमान में उत्पाद को ऑपरेट या स्टोर करने से इसकी वारंटी खत्म हो जाती है। किसी भी तरह का हर्जाना खरीदारी की मूल कीमत तक ही सीमित है। इस वारंटी में कोई अन्य व्यक्ति/इकाई बदलाव नहीं कर सकती और किसी भी तरह की अन्य वारंटी के लिए आपका रीटेल विक्रेता पूरी तरह से ज़िम्मेदार है।

यह वारंटी Cricut EasyPress Mini™ मशीन पर लागू होती है। यह वारंटी ब्लेड और ब्लेड हाउसिंग, एक्सेसरीज़, पैकेजिंग, सॉफ़्टवेयर, टूल, सामग्री या अन्य गैर-मशीनी वस्तुओं पर लागू नहीं होती। Cricut यह गारंटी या वारंटी नहीं देता कि प्रोडक्ट या इसके साथ इस्तेमाल होने वाले सॉफ़्टवेयर बिना रुकावट काम करते रहेंगे।

[केवल Cricut BrightPad™ के लिए - सामान्य ढंग से इस्तेमाल करने पर, आपकी Cricut BrightPad™ स्क्रीन पर हल्की लकीरें या निशान नज़र आ सकते हैं। इस इलेक्ट्रिक लाइट यूनिट की लाइट के सोर्स को बदला नहीं जा सकता; इसके काम करने की अवधि खत्म होने पर पूरी इलेक्ट्रिक लाइट यूनिट को बदलना होगा।

लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, प्रोडक्ट के इस्तेमाल या सेवा से होने वाले किसी भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक या इस्तेमाल की वजह से होने वाले नुकसान के लिए CRICUT ज़िम्मेदार नहीं है। ऊपर दी गई वारंटी और समाधानों में कोई और मौखिक, लिखित, व्यक्त, वैधानिक या निहित वारंटी और समाधान शामिल नहीं हैं। लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, CRICUT सभी निहित और वैधानिक वारंटियों को अस्वीकार करता है, जिसमें व्यापारिकता की वारंटी और प्रोडक्ट द्वारा किसी खास उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। मंज़ूर की गई और अस्वीकृत वारंटियां इस वारंटी की अवधि तक सीमित हैं।

यह वारंटी आपको विशेष कानूनी अधिकार देती है, और जहाँ स्थानीय कानूनों के तहत कुछ सीमाओं या बहिष्करण की अनुमति नहीं है, वहाँ राज्य और देश के मुताबिक आपके पास अन्य अधिकार भी हो सकते हैं। इसमें वारंटी की अवधि भी शामिल हो सकती है। यह वारंटी केवल उसी देश पर लागू होती है जिस देश में प्रोडक्ट को बेचने के लिए बनाया गया था।

इस वारंटी से आपके वैधानिक अधिकारों में कोई भी बदलाव या संशोधन नहीं होगा।

वारंटी सर्विस पाने के लिए, Cricut से + 1 (877) 727-4288 पर संपर्क करें। वारंटी मिलेगी या नहीं, इसकी पुष्टि करने के लिए खरीदारी का सबूत देना पड़ सकता है। आप cricut.com/warranty पर जाकर इस बारे में ज़्यादा जानकारी पा सकते हैं कि आपको वारंटी का फ़ायदा किस तरह मिलेगा।

यह वारंटी देने वाली कंपनी:

Cricut, Inc.
10855 South River Front Parkway
South Jordan, UT 84095 USA

एफ़सीसी स्टेटमेंट

यू.एस. फ़ेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (47 सीएफ़आर 15.105 में) के निर्देशों के अनुसार, इस प्रोडक्ट के उपयोगकर्ताओं को नीचे दी गई जानकारी देना ज़रूरी है।

यह डिवाइस, एफ़सीसी नियमों के भाग 15 का अनुपालन करता है। इस डिवाइस को यहाँ बताई गई दो शर्तों के मुताबिक इस्तेमाल किया जा सकता है: (1) यह डिवाइस हानिकारक हस्तक्षेप की वजह नहीं बन सकता है, और (2) इस डिवाइस को किसी भी हस्तक्षेप को स्वीकार करना होगा, जिसमें वह हस्तक्षेप भी शामिल है जो अवांछित इस्तेमाल की वजह बन सकता है।

एफ़सीसी नियमों के भाग 15.21 के मुताबिक, इस डिवाइस में Cricut द्वारा स्पष्ट रूप से मंज़ूर नहीं किए गए किसी भी तरह के बदलाव या संशोधन हानिकारक हस्तक्षेप की वजह बन सकते हैं और इस डिवाइस को इस्तेमाल करने से संबंधित एफ़सीसी प्राधिकरण को निरस्त कर सकते हैं।

नोट: इस डिवाइस का परीक्षण किया गया है और एफ़सीसी नियमों के भाग 15 के मुताबिक, यह 'क्लास बी' डिजिटल डिवाइस की सीमाओं का अनुपालन करता है। इन सीमाओं को आवासीय इंस्टॉलेशन में हानिकारक हस्तक्षेप से उचित सुरक्षा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस डिवाइस से रेडियो फ़्रीक्वेंसी ऊर्जा पैदा होती है और यह डिवाइस उसका इस्तेमाल करता है। साथ ही, इससे रेडियो फ़्रीक्वेंसी ऊर्जा भी निकल सकती है। अगर इसे निर्देशों के मुताबिक इंस्टॉल और इस्तेमाल नहीं किया जाता है, तो यह रेडियो कम्युनिकेशन में हानिकारक हस्तक्षेप की वजह बन सकता है। हालाँकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि कोई खास इंस्टॉलेशन हस्तक्षेप की वजह नहीं बनेगा। अगर यह डिवाइस रेडियो या टेलीविजन सिग्नल पाने में हानिकारक हस्तक्षेप की वजह बनता है, जिसके लिए डिवाइस को बंद और चालू करके इसका पता लगाया जा सकता है, तो उपयोगकर्ता को इनमे से किसी एक या एक से ज़्यादा उपाय करके हस्तक्षेप को सही करने की कोशिश करने के लिए कहा जाता है:

- सिग्नल पाने वाले एंटीना की दिशा एडजस्ट करें या उसकी जगह बदलें
- डिवाइस और रिसीवर के बीच की दूरी बढ़ाएँ
- रिसीवर जिस सर्किट से जुड़ा हुआ है, उसे छोड़कर डिवाइस को किसी दूसरे सर्किट से कनेक्ट करें
- मदद के लिए डीलर या किसी अनुभवी रेडियो/टीवी मैकेनिक से संपर्क करें